# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 48 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक


## हैदराबाद हाउस में मोदी–ली मुलाकात,

# वैश्विक तनाव के बीच भारत ने दिया शांति और स्थिरता का बड़ा संदेश



नई दिल्ली। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में आज राजधानी में एक अहम कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब Narendra Modi और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति Lee Jae-myung के बीच हैदराबाद हाउस में उच्चस्तरीय वार्ता हुई। इस मुलाकात को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें भविष्य के सहयोग की दिशा तय करने पर गंभीर चर्चा की गई। हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया। वार्ता में व्यापार, निवेश, उभरती प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रक्षा सहयोग जैसे कई अहम क्षेत्रों में तालमेल बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि वे बदलते वैश्विक हालात के बीच एक-दूसरे के साथ खड़े रहने और साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक परिदृश्य पर भी अपनी बात रखी और कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और अनिश्चितता का माहौल है, ऐसे समय में भारत शांति, स्थिरता और संवाद का संदेश देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की विदेश नीति हमेशा संतुलन, सहयोग और वैश्विक कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित रही है, और दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी इसी सोच को आगे बढ़ाती है।

इससे पहले दिन की शुरुआत राष्ट्रपति भवन में हुए औपचारिक स्वागत समारोह से हुई, जहां Droupadi Murmu और प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस समारोह में दोनों देशों के संबंधों की गर्मजोशी और आपसी सम्मान साफ तौर पर देखने को मिला। गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत ने इस यात्रा की अहमियत को और रेखांकित किया। राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का यह भारत दौरा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों को और गहरा करना है।

दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत आर्थिक और तकनीकी सहयोग मौजूद है, लेकिन इस यात्रा के जरिए इसे और विस्तार देने की कोशिश की जा रही है, ताकि वैश्विक स्तर पर दोनों देश मिलकर नई संभावनाओं का निर्माण कर सकें। कुल मिलाकर, यह दौरा भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के लिए एक नया अध्याय खोलने की दिशा में देखा जा रहा है, जिसमें रणनीतिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर समन्वय को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# दिल्ली बनेगी चिप कैपिटल

## युवाओं के लिए खुलेगा हाईटेक करियर का रास्ता



**दिल्ली**। दिल्ली सरकार ने राजधानी को देश का अगला सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में तैयार हो रही नई सेमीकंडक्टर पॉलिसी का मकसद सिर्फ उद्योग को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन के अनुरूप मानी जा रही है, जिसमें देश को तकनीकी रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य है। सरकार की प्रस्तावित नीति पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगी, जिनमें चिप डिजाइन और बौद्धिक संपदा विकास, रिसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा, असेंबलिंग-टेस्टिंग-पैकेजिंग (ATMP/OSAT) यूनिट्स का विकास, युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप व औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करना शामिल है। इस रणनीति का उद्देश्य दिल्ली को हाईटेक इनोवेशन का केंद्र बनाना है।

इस नीति का सबसे बड़ा असर रोजगार के क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इंजीनियरिंग, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े युवाओं के लिए चिप डिजाइन, डेटा प्रोसेसिंग, मशीन डिजाइन, टेस्टिंग और टेक सपोर्ट जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर पैदा होंगे। साथ ही इंटर्नशिप, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शैक्षणिक संस्थानों के साथ उद्योग की साझेदारी से छात्रों को सीधे इंडस्ट्री से जुड़ने का मौका मिलेगा।

सरकार निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए पूंजीगत सब्सिडी, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कम परिचालन लागत और कारोबार को आसान बनाने जैसे कदम उठा रही है। इससे घरेलू और विदेशी कंपनियों को दिल्ली में निवेश के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। बड़े निवेश आने पर सहायक उद्योगों को भी गति मिलेगी और MSME सेक्टर को नया बाजार मिलेगा।

सेमीकंडक्टर आज डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, मेडिकल उपकरण और रक्षा तकनीक तक हर क्षेत्र इसकी मांग पर निर्भर है। ऐसे में अगर दिल्ली इस क्षेत्र में मजबूत नीति लागू करती है, तो इसका असर पूरे देश में दिखाई देगा। इससे तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता घटेगी और भारत वैश्विक सप्लाई चेन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेगा।

कुल मिलाकर, दिल्ली की यह सेमीकंडक्टर पॉलिसी भविष्य की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला बड़ा कदम साबित हो सकती है, जो राजधानी को टेक्नोलॉजी और चिप निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए दरवाजे खोलेगी।

# बिहार मंत्रिमंडल विस्तार: विजय सिन्हा सरकार नहीं, संगठन संभालेंगे

**बिहार**। बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार पर सबकी नजरें टिकी हैं। वर्तमान सरकार फिलहाल एक मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों के सहारे चल रही है। सूत्रों के अनुसार, सम्राट चौधरी अपने मंत्रिमंडल में लगभग 30% पुराने चेहरों को बदल सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मंत्रिमंडल की बजाय संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जबकि



वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को मंत्रिमंडल में शामिल कर विजय सिन्हा की जगह दी जा सकती है।

## सदन की नोकझोंक भी चर्चा में

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पद संभालने पर विजय कुमार सिन्हा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि यह फैसला 'कमांडर' (पार्टी नेतृत्व) का है। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था।

इसके साथ ही, सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद सदन में उनके और विजय कुमार सिन्हा के बीच हुई नोकझोंक का एक वीडियो भी काफी चर्चा में है। यह वायरल वीडियो उस समय का बताया जा रहा है, जब सम्राट चौधरी पंचायती राज मंत्री थे और विजय कुमार सिन्हा विधानसभा अध्यक्ष के पद पर थे। वीडियो में बिहार विधानसभा के भीतर दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस और नोकझोंक देखी जा सकती है, जो एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। वायरल वीडियो 17 मार्च 2021 का बताया जा रहा है। इसमें उस समय के मुख्यमंत्री कहते हुए सुनाई देते हैं, "बहुत व्याकुल नहीं होना है..."

# राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने की दुकानों की जांच कीड़े लगे काजू को मौके पर ही कराया नष्ट

नवल किशोर कुशवाहा

कटनी । जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कटनी के नारायणशाह मार्केट स्थित दुकानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा न्यू ओम टेंडर्स एवं सिद्ध किराना दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान न्यू ओम टेंडर्स में कीड़े लगे हुए लगभग पांच किलो काजू पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया और दुकान मालिक को सख्त हिदायत दी गई कि इस प्रकार की खाद्य सामग्री दुकान में विक्रय हेतु पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकान से काजू, बादाम व किशमिश के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसके बाद टीम द्वारा सिद्ध किराना की जांच की गई। दुकान में मसाले, ड्राई फ्रूट का विक्रय होना पाया गया। मिलावट की आशंका पर दुकान से खसखस, कालीमिर्च एवं अंजीर के नमूने जांच हेतु लिए गए है। जांच हेतु लिये गये सभी खाद्य पदार्थों के नमूने राज्य जांच खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बताया कि इस तरह की कार्यवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बीच बाजार में शराब पर बवाल: स्कूल-मंदिर के पास ठेका खुला, महिलाओं का फूटा गुस्सा-दुकान बंद!

महेन्द्र मालवीय
रणजीत टाईम्स



बुरहानपुर जिले में बीच बाजार स्थित शराब दुकान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्कूल, मंदिर और रहवासी क्षेत्र के बीच खुले इस ठेके के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं और पुरुषों ने एकजुट होकर ठेकेदार के खिलाफ जमकर हंगामा किया, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार बाजार क्षेत्र में खुलेआम शराब परोसी जा रही थी, जिसे देखकर स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। विरोध के दौरान भाजपा नेता वीरेंद्र तिवारी और शराब ठेकेदार आमने-सामने आ गए। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया और तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान को बंद करवा दिया गया। प्रदर्शन में शामिल महिला संजीवनी महाजन ने स्पष्ट कहा कि स्कूल और मंदिर के पास शराब दुकान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं लीलाबाई रतन भोई ने कहा कि यहां छोटे-छोटे बच्चे रहते हैं, ऐसे माहौल का उनके भविष्य पर गलत असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि शराब के कारण परिवारों में विवाद बढ़ सकते हैं। यमुना बाई ने दो टूक शब्दों में कहा कि शराब दुकान गांव से कम से कम 5 किलोमीटर दूर होनी चाहिए और वे किसी भी कीमत पर इसे यहां नहीं खुलने देंगी। वहीं वीरेंद्र तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का विरोध पूरी तरह जायज है और यहां शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ठेकेदार अमरीशपुरी ने निर्णय नहीं बदला, तो दुकान के सामने धरना देकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। शाहपुर थाना के एसआई लोवंशी ने बताया कि महिलाओं के हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा रही है और शराब दुकान की अनुमति की जांच की जाएगी। अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा मामला एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल क्षेत्रवासियों का स्पष्ट संदेश है--रहवासी इलाके में शराब दुकान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

# माई नदी घाट पर चला विशेष सफाई अभियान, जल संरक्षण के साथ-साथ दिया गया स्वच्छता का संदेश



### जल संरचनाओं को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 14, राजीव गांधी वार्ड स्थित माई घाट पर विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसमें जल स्त्रोतों की स्वच्छता के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। निगम प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। अभियान के तहत जनसहयोग के माध्यम से श्रमदान किया जाकर घाट के जल में तैर रहे प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर तसले के माध्यम से वाहन तक पहुंचाकर सुरक्षित निपटान हेतु भेजा गया। इस दौरान उपस्थित जनों द्वारा घाट परिसर में फैली गंदगी की व्यापक सफाई की गई।

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप नगर निगम द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं जन जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल स्त्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा नदी-तालाबों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर तिलक महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राएं एवं निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार के अभियान निरंतर संचालित कर स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत जागरूकता गतिविधियों का हुआ आयोजन



नवल किशोर कुशवाहा

कटनी । कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सम्बन्ध में आमजन को अवगत कराने निरंतर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना रीठी अंतर्गत ग्राम देवगांव के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पंच श्रीमती अंजनी यादव एवं श्रीमती सुमन नामदेव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री अक्षय राय उपस्थित रहे। वहीं परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत परियोजना अधिकारी सतीश पटेल के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दी गई। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश घर-घर पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना अधिकारी श्रीमती विद्या पाण्डेय के नेतृत्व में परियोजना मुड़वारा अंतर्गत ग्राम गुलवारा में रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक



## डॉ आंबेडकर का पोस्टर फाड़कर पैरों से कुचलने वालों के विरुद्ध,थाने मे दिया आवेदन




**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर I विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंधिया नगर भरघट पहाड़िया इलाके में डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर को फाड़ने और अपमान करने के मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। सिंधिया नगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पोस्टर लगा हुआ था।

आरोप है कि इंद्रवीर नामक व्यक्ति के यहां पारिवारिक समारोह चल रहा था जिसमें उनके रिश्तेदार द्वारा इस पोस्टर को फाड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने न केवल पोस्टर फाड़ा, बल्कि उसे पैरों से कुचला भी। इस पूरी घटना को स्थानीय युवक ने अपनी आंखों से देखा। बताया जा रहा है कि घटना के पुख्ता सबूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने इस अपमानजनक कृत्य का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की और उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। घटना के बाद से दलित समुदाय के लोगों में गहरा आक्रोश है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव रायसिंह बौद्ध ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय थाने में लिखित आवेदन दिया है जिसमें इस घटना में जो भी लोग शामिल हैं उन सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्व-गणना फार्म



**आदित्य शर्मा**

नागरिकों से जनगणना के कार्य में सहयोग की अपील की शुरू हुई जनगणना सेल्फ इन्यूमरेशन प्रक्रिया के तहत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना (Self Enumeration) फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने इंदौरवासियों से अपील की कि वे जनगणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और इस प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने में सहयोग दें। श्री वर्मा ने बताया कि सेल्फ इन्यूमरेशन से समय की बचत होगी और जब टीम घर-घर पहुंचेगी, तब प्रक्रिया और भी आसान हो जाएगी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे https://se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करें। नागरिकों के लिये पोर्टल पर स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है



जो 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और इसे हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है, ताकि हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें। इसमें 5 से 10 मिनट में स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठायें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**आदित्य शर्मा**

इंदौर इंदौर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुधार एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य श्री संजय बंदोपाध्याय (सेवानिवृत्त आईएएस) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक श्री राजेश त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह, श्री अभय राजनगांवकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में श्री संजय बंदोपाध्याय ने कहा कि सड़क एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए इंफोर्समेंट और जन-जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की मदद लेकर सड़क सुधार कार्यों में तेजी लाई जाए तथा बड़े शहरों के सफल नवाचारों को साझा किया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट के सुधार पर विशेष फोकस करने, सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने और तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों को परिणाममूलक बनाने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई को तेज करने तथा चालान प्रक्रिया में एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी जोर दिया बैठक में जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं घायलों की संख्या का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। ब्लैक स्पॉट्स के डेटा, उनकी वर्तमान स्थिति तथा किए गए सुधार कार्यों के प्रभाव पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जिले में किए जा रहे नवाचार एवं श्रेष्ठ अभ्यासों की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन उपायों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर स्थित प्रमुख ब्लैक स्पॉट्स के निरीक्षण एवं सुधार कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

# युवाओं के लिए ध्यान

## सही दिशा और स्थिरता की ओर मार्गदर्शन

आज की प्रतिस्पर्धी और तेज रफ़्तार दुनिया में, युवा अक्सर तनाव, भ्रम और भावनात्मक असंतुलन का अनुभव करते हैं। पढ़ाई का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और डिजिटल मीडिया के लगातार संपर्क में रहने के कारण शांत और एकाग्र रहना मुश्किल हो सकता है। ऐसी स्थिति में, सहज योग ध्यान युवाओं को आंतरिक शांति और संतुलन प्राप्त करने का एक स्वाभाविक और सहज तरीका प्रदान करता है।



सहज योग के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक यह है कि यह सरल और सहज है, जो इसे युवाओं के लिए आदर्श बनाता है। अन्य तकनीकों के विपरीत, जिनमें कठोर एकाग्रता या विचारों पर नियंत्रण की आवश्यकता होती है, सहज योग सिखाता है कि जब आंतरिक ऊर्जा जागृत होती है तो विचार स्वाभाविक रूप से कम हो जाते हैं। यह युवाओं को विचार-रहित जागरूकता की स्थिति का अनुभव करने में मदद करता है, जहाँ मन शांत, सतर्क और शांतिपूर्ण होता है। सहज योग के माध्यम से ध्यान करने से युवाओं को कई लाभ मिलते हैं। सबसे पहले, यह तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। छात्र अक्सर परीक्षाओं, करियर को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन सहज योग ध्यान का नियमित अभ्यास मानसिक स्पष्टता और विश्राम लाता है। दूसरे, यह एकाग्रता और याददाश्त में सुधार करता है, जो शैक्षणिक सफलता के लिए आवश्यक हैं। एक शांत मन के साथ, सीखना अधिक आसान और प्रभावी हो जाता है। सहज योग ध्यान नियमित रूप से अभ्यास करने से हमारे भीतर धैर्य, आत्मविश्वास और आत्म-नियंत्रण जैसे गुणों का विकास करता है। परिणामस्वरूप, युवा चुनौतियों को अधिक सकारात्मक रूप से संभाल सकते हैं।इस प्रकार सहजयोग ध्यान युवाओं को सही दिशा तथा स्थिरता व आनंदमय जीवन प्रदान करता है। आपको सहजयोग ध्यान की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त हो सकती है। सहजयोग सदैव निःशुल्क है।

# शुद्धि के बिना सिद्धि संभव नहीं है

शुद्धि के बिना सिद्धि संभव नहीं है। और, शुद्धि पाने का सहजतम मार्ग है सहज योग। सहज योग के अनुसार श्री गणेश का स्थान हमारे मूलाधार चक्र पर है। श्री गणेश सदैव बाल रुप में हैं और अबोधिता के गुण को मानव मात्र में स्थापित करते हैं। श्री गणेश के आशीर्वाद के बगैर हमारे अंदर शुद्धता व अबोधिता नहीं आ सकती क्योंकि जब यह गुण हमारे अंदर स्थापित होता है तभी सेक्रम बोन में तीन कुंडल में सुप्तावस्था में विराजमान कुंडलिनी मां जागृत होती है और उधर्वगति की ओर चलायमान होती है और मनुष्य के अंदर अबोधिता, पवित्रता और बुद्धिमता के गुण स्थापित होते हैं। हमारे दैनिक जीवन में पवित्रता का विशेष महत्व है। साधना की पहली सीढ़ी ही पवित्रता है। जीवन में जितनी पवित्रता होती है, जीवन का उत्कर्ष भी उतना ही होता है। शुद्धि से तात्पर्य मात्र शरीर का नहीं है, बल्कि मन, प्राण और भाव-विचार के साथ-साथ हमारा अंतःकरण भी निर्मल होना चाहिए। शुद्धता के गुण आते ही व्यक्ति धीरे-धीरे अज्ञान व अंधकार के आवरण को पार कर प्रकाशित स्थिति प्राप्त करता है। इस शुद्धि के फलस्वरूप मन की शांति, चित्त की स्थिरता और प्राण की एकाग्रता व हृदय की तन्मयता का प्रादुर्भाव स्वभावतः होने लगता है। आनंद का अवरोहण भी तभी संभव होता है। शुद्धि से आत्मा विभिन्न वासनाओं और आकर्षणों से मुक्त होती है। और...सिद्धि प्राप्ति से पहले की प्रारंभिक अवस्था शुद्धि ही है। शुद्ध भावों वाला व्यक्ति ही परमात्मा को भी प्रिय होता है। उसके पूजन-अर्चन व प्रार्थना में शुचिता यानी पवित्रता का विशेष महत्व है। आचार-विचार के साथ-साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों जैसे व्यापार में पैसे के लेन-देन और नौकरी आदि में ईमानदारी व कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान बने रहना भी पवित्रता की ही श्रेणी में आते हैं। व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो, वह वहां रहते हुए ही पवित्रता का ध्यान रखने योग्य बन जाता है। पवित्रता को नित्य-प्रतिदिन की दिनचर्या में रखकर हम अपना बैद्धिक स्तर तो उत्तम बना ही सकते हैं, साथ ही, स्वयं सुखी रहते हुए अन्य लोगों को भी इस राह पर अग्रसर कर सकते हैं।



पवित्रता जीवन का मूल आधार है। आज समाज में जो नैतिक पतन हो रहा है उसका एक खास कारण शुचिता की ओर ध्यान नहीं दिया जाना है। व्यक्ति जैसे ही पवित्रता की तरफ एक कदम बढ़ाता है, उसकी सोच में निखार आता है, उसकी भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्ति के प्रति श्रद्धा व आस्था का भाव रखने लगते हैं। जो भी महापुरुष या ऋषि-मुनि इस देश में हुए हैं, उन्होंने साधना के संदर्भ में पवित्रता को विशेष महत्व दिया है। वे ही हमारे प्राचीन व आधुनिक भारत के प्रेरणास्त्रोत बने। सच तो यह है कि पवित्रता का ध्यान रखे बगैर मानव जीवन का कल्याण संभव ही नहीं है। आत्मसाक्षात्कार के बिना श्री गणेश का पूजन मात्र एक कर्मकांड बनकर रह जाता है। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# अक्षय तृतीया आत्मस्वरुप अक्षयपद को प्राप्त करने का सर्वोत्तम अवसर

संपूर्ण भारत वर्ष में 'अक्षय तृतीया' का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है । अक्षय तृतीया साढ़े तीन मुहूर्तों में से एक शुभ मुहूर्त है, मान्यता है कि इस दिन परमपिता परमेश्वर से हम जो कुछ भी शुद्ध इच्छा रख कर मांगते हैं, वो हमें अक्षय रूप में मिलता है। 'अक्षय' शब्द का अर्थ है , जिसका कभी भी क्षय नहीं होता, जो कभी भी नष्ट नहीं होता , और इस संसार में सारी चीजें जैसे की बड़े बड़े साम्राज्य, पद, प्रतिष्ठा और सारी भौतिक समृध्दि एक दिन नष्ट होनेवाली है, यहाँ तक की हमारा शरीर जो पंच महाभूतों से बना है, वो भी एक दिन नष्ट हो जायेगा , परंतु इस शरीर के हृदय में स्थित आत्मतत्व अक्षय है ,अजर है , अमर है ।

श्री माताजी कहते हैं , हमारा माँगना शुद्ध स्वरूप होना चाहिये । हमें शुभता माँगनी चाहिये, परमात्मा की कृपा से हमें जो कुछ भी मिलता है, उसके बदले में हमने परमात्मा को क्या दिया? इसलिये हमे जो कुछ भी मिला है, इसे परमात्मा के 'गौरव' मे इस्तेमाल करना चाहिये । सहजयोग मे आत्मतत्व की प्राप्ती होना 'अक्षयपद' है परंतु इसे प्राप्त करने में बड़े प्रलोभन है । सहयोगियों को पद, प्रतिष्ठा, पैसा, सुंदरता सबकुछ मिल जाता है परंतु ये अक्षयपद नहीं है । अक्षयपद एक स्थिती



है । जो ध्रुव ने माँगी थी और आज भी आकाश में चमक रहे हैं । भक्त प्रल्हाद ने अक्षय पद माँगा था, तो उन्होने गीता का यह वचन '' नैनं छिन्दति शस्त्राणि'' सिद्ध कर दिया । अक्षय पद पाने पर सारी चीजें अक्षय हो जाती हैं, दृष्टि बदल जाती है ,विचार धारा बदल जाती है , भारत योग भूमी है, और भारत के सारे साधु संतों ने, मनीषीयों ने आत्मतत्व रूपी अक्षय पद को प्राप्त करने के लिए ही साधना का मार्ग चुना। यह बात आज सभी को समझनी होगी । तभी विश्वशांति प्रस्थापित होगी । श्री माताजी कहते हैं, परदेश के सहजयोगी जब भारत आते है , तो इस मिट्टी से आनेवाले चैतन्य को तुरंत पहचानते हैं और अपनी अध्यात्मिक उन्नति को बड़ी गंभीरता से लेते हैं, उनके जीवन मे एक ही लक्ष्य रहता है, 'अक्षय पद' प्राप्त करना । तो इस अक्षय पद को प्राप्त करते समय ढोंग , बनावट नहीं चाहिये, अक्षय पद झेलने की क्षमता भी होनी चाहिये । जो आप बर्दास्त कर सकें वही मिलेगा । परमचैतन्य सबकुछ जानता है, आपको प्रलोभन में भी डाल सकता है, तो आपको सदैव सतर्क रहना होगा , सहजयोग में अक्षय पद की ही माँग करनी चाहिये ।

श्री माताजी कहते हैं, आज के कांटों भरे कलियुग में सहज के गुलाब खिल रहे हैं। आपको आनंद विभोर होकर अपनी स्थिती का मजा उठाना चाहिये । इस आत्मानंद के बारे में भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं , जिस किसी साधक को यह अक्षयपद प्राप्त होता है, वह उस अक्षयपद को परमपद समझता है। उसके जीवन में और कुछ पाना बाकी नही रह जाता । और जो स्थित हो जाता है,तो वो मेरुपर्वत जैसे दु:खों में भी विचलित नहीं होता| अपनी आत्मा में लीन होकर अपने ही स्वरुप का आनंद उठाता है | सहजयोग इसे पाने का एक सहज माध्यम है। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# आयुक्त का सख्त एक्शन

## 5 झोन में सफाई निरीक्षण, शौचालय पर 10 हजार रूपए का जुर्माना






**आदित्य शर्मा**

इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने झोन 18, 22, 10, 13 और 15 में सघन निरीक्षण किया। लापरवाही मिलने पर कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। तीन इमली बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी पर 10 हजार रूपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं डस्टबिन नहीं रखने पर दो दुकानों पर 1-1 हजार रूपए का स्पॉट फाइन भी लगाया गया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा मिलने पर संबंधित दरोगाओं के एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। चौइथराम सब्जी मंडी क्षेत्र में खराब सफाई व्यवस्था मिलने पर स्वास्थ्य निरीक्षक को नोटिस जारी किया गया। आयुक्त ने सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर व्यवस्था और दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**आदित्य शर्मा**

इंदौर आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा दिवस के अवसर पर फायर स्टेशन मोती तबेला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमुख अधीक्षक श्री आशीष कुमार पाठक ने किया, जिसमें फायर कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद फायरकर्मियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा, संभावित आग की घटनाओं एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी।

इस अवसर पर मोती तबेला से राजवाड़ा, पलासिया, सपना संगीता होते हुए फायर स्टेशन तक अग्नि सुरक्षा रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से नागरिकों को सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 14 से 20 अप्रैल 2026 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण, जागरूकता रैली एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें।

# शहरी आजीविका को मिला नया आयाम, CLC केन्द्र का शुभारंभ



**आदित्य शर्मा**

नगर पालिक निगम, इंदौर द्वारा दीनदयाल अंत्योदय जन आजीविका योजना (D-JAY) के अंतर्गत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र (City Livelihood Center - CLC) का शुभारंभ महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किया गया। महापौर ने कहा कि यह केन्द्र शहर के जरूरतमंद नागरिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। CLC के माध्यम से विभिन्न सेवाओं एवं कार्यों से जुड़े लोगों को एक मंच मिलेगा, जिससे उन्हें आसानी से काम मिल सकेगा। इस अवसर पर विधायक श्री गोलू शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# इंदौर में स्वच्छता को नया आयाम

## सफाई मित्रों की विशेष कार्यशाला आयोजित




**आदित्य शर्मा**

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के मार्गदर्शन में एवं फीडबैक फाउंडेशन (स्वच्छता नॉलेज पार्टनर) के सहयोग से सिटी बस ऑफिस इंदौर में सफाई मित्रों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर अपनाई जाने वाली आधुनिक प्रक्रियाओं के प्रति सशक्त बनाना रहा। कार्यशाला में अपर आयुक्त, स्वच्छ भारत मिशन श्री प्रखर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कचरे के वर्गीकरण, स्रोत पर पृथक्करण, प्रसंस्करण और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही पीपीई किट के सही उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सफाई कर्मियों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण के महत्व के बारे में बताया गया। बड़ी संख्या में शामिल सफाई मित्रों ने कार्यशाला को उपयोगी बताया। यह पहल न केवल शहर की स्वच्छता को सुदृढ़ करेगी, बल्कि कर्मियों की सुरक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने में भी सहायक साबित होगी।

# जिला पंचायत सीईओ कौर ने ऑनलाइन पारिवारिक जानकारी स्व-गणना पोर्टल में की दर्ज

**30 अप्रैल तक,स्व-गणना हेतु घर बैठे भरें ऑनलाईन पारिवारिक जानकारी, जनगणना कार्य में लगे लोकसेवकों का करें सहयोग-कौर जानकारी की सटीकता, पारदर्शिता, गोपनीयता, सुविधा और समय की बचत के साथ-साथ जनगणना कार्य में तेजी लाने जरूरी है सेल्फ एन्यूमरेशन और हर एक नागरिक की सहभागिता एसीईओ श्री मोदी और जनपद पंचायतों के सीईओ ने भी की स्व-गणना**



**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । 'स्व-गणना' (सेल्फ एन्यूमरेशन ) पोर्टल पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने स्वयं की और पारिवारिक जानकारी आज शुक्रवार को प्रविष्ट की। सुश्री कौर ने स्व-गणना पोर्टल पर मोबाइल नंबर एवं कैप्चा के माध्यम से पंजीकरण किया। ओटीपी सत्यापन के बाद उन्होंने लॉगिन कर परिवार से संबंधित सभी आवश्यक विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किए। जानकारी सबमिट करने के पश्चात विशिष्ट स्व-गणना आईडी प्राप्त हुई, जिसे उन्होंने सुरक्षित रख लिया। इस प्रक्रिया के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव मौजूद रहे। उन्होंने कार्यालय अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वगणना की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं तत्सम्य उत्पन्न प्रश्नों और जिज्ञासा का समाधान किया।


सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) क्यों है जरूरी

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन करने से जानकारी की सटीकता, पारदर्शिता, गोपनीयता, सुविधा और समय की बचत एवं जनगणना कार्य में तेजी और अधिकारियों-कर्मचारियों की कुशलता को बढ़ावा मिलेगा। स्व-गणना कार्य में हर नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस आईडी के माध्यम से जनगणना प्रक्रिया सरल एवं सुगम हो जाएगी। 1 मई से 30 मई के बीच जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, तब नागरिकों को केवल यह आईडी बतानी होगी, जिससे पहले से भरी गई जानकारी का सत्यापन करने में सुविधा होगी और समय की बचत होगी। जिले में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व-गणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल माध्यम से की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि "जनगणना देश के विकास की नींव है। नागरिक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और जनगणना हेतु अधिकृत रूप से नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों का सहयोग करें।"

**एसीईओ श्री मोदी और जनपद पंचायतों के सीईओ ने भी की स्व-गणना**

स्व-गणना कार्य को प्रथम दिवस जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुराग मोदी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने भी सफलता पूर्वक अंजाम दिया। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ ब्रतेश जैन, कटनी के प्रदीप सिंह, बड़वारा की प्रभा तेकाम ने भी पारिवारिक जानकारी दर्ज कराकर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराई।

# सुरक्षित बैंकिंग के लिए कटनी पुलिस अलर्ट, जिलेभर में बैंक/एटीएम की गहन चेकिंग



**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बैंकिंग एवं साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के उद्देश्य से कटनी पुलिस अधीक्षक, अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न बैंक एवं एटीएम परिसरों में सघन सुरक्षा जांच अभियान चलाया अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा बैंक परिसरों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इसमें मुख्य प्रवेश द्वार, एटीएम कक्ष, काउंटर क्षेत्र एवं पार्किंग स्थल का भौतिक सत्यापन शामिल रहा। साथ ही बैंक प्रबंधन को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिनमें सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता सुनिश्चित करना सुरक्षा गार्डों की सतर्क तैनाती जैसे महत्वपूर्ण बिंदु प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त बैंक में उपस्थित ग्राहकों को भी सुरक्षित लेन-देन के लिए जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने तथा साइबर एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कटनी पुलिस द्वारा यह अभियान आमजन की सुरक्षा, सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था तथा अपराध मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु लगातार संचालित किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से सहयोग, सतर्कता एवं जागरूकता बनाए रखने की अपील की गई है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

# रासलीला मनुष्य और प्रभु के मिलन की लीला है :- हरिओम जी महाराज

**कृष्ण रुक्मणी का हुआ विवाह फूलों की खेली होली**

**दिव्यानंद अर्गल**



ग्वालियर :- ग्वालियर दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर मंदिर पर चल रहे उर्स शताब्दी समारोह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन प्रसिद्ध कथा वाचक हरिओम जी महाराज ने कहा की पूर्व जन्म में सुखदेव जी तोता थे एवं भागवत में श्री राधा जी का नाम कहीं नहीं आता क्योंकि सुखदेव जी की गुरु राधा जी ही हैं उन्होंने कहा की रासलीला कम विजय की लीला है भगवान श्री कृष्ण द्वारा वृंदावन में गोपियों के साथ महा रास काम को जीतकर भक्ति में बदलने का संकेत देता है उन्होंने कहा सर्वेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं की जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती है जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं वही श्री हरि है हरिओम जी महाराज ने कहा की नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है हर गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारे जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है वही जीवन मुक्त है एक बार माखन चोरी करते समय मैया यशोदा आ गई तो कन्हैया ने कहा की मैया तुमने इतनी मणिमय आभूषण पहना दिए हैं जिससे मेरे हाथ गर्म हो गए हैं तो माखन की हांडी में हाथ डालकर इन हाथों को शीतलता प्रदान कर रहा हूं उन्होंने कहा की महारास में पांच अध्याय हैं उनमें गए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच पुराण है महाराज श्री ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान कंस वध महर्षि सांदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना उद्धव गोपी संवाद द्वारका की स्थापना रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीत में भावपूर्ण चित्रण किया आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी है भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सबका मन मोह लिया भगवान श्री कृष्ण की बारात बैंड बाजों एवं आतिशबाजी के साथ निकाली गई कृष्ण रुक्मणी विवाह पर फूलों की होली भी खेली गई कथा व्यास जी ने कहा जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनके वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है जीव परमात्मा का अंश है श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह ज्ञान भक्ति और प्रेम का अद्भुत संगम है उन्होंने कहा अपने कुटुंब के लिए कौवा कुत्ता भी जीता है परंतु जो ईश्वर के लिए जीता है उसी का जीवन सार्थक माना जाएगा कथा के अंत में परीक्षित श्रीमती रमा संतोष कृतिका अंकित रेनू गगन अग्रवाल मंदिर के महंत तरुण सूर्यवंशी सुनील सूर्यवंशी अजय दुबे प्रताप शर्मा गगन यादव अंकित कुकरेजा योगेश बेदोरिया हिरेंद्र सूर्यवंशी बाबूलाल चौरसिया मनी रामपाल रामबाबू अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने श्रीमद् भागवत महापुराण की आरती की आरती के उपरांत प्रसादी वितरण किया गया।



# गांधी हॉल में 25 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से सम्पन्न





**खुशबू श्रीवास्तव**

सनातन परंपराओं के साथ सात फेरे, संतों और जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इंदौर। गत दिवस शहर के गांधी हॉल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 के 25 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह सनातन हिंदू परंपराओं एवं पूज्य संतों के आशीर्वाद के साथ अत्यंत भव्य और गरिमामयी रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्सव और उल्लास का वातावरण बना रहा। समारोह के दौरान भव्य बारात, आकर्षक आतिशबाजी और संतों के स्नेहिल आशीर्वाद ने आयोजन को विशेष बना दिया। नवविवाहित जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। समारोह का सबसे भावुक क्षण वह रहा जब नवविवाहित जोड़ों और उनके माता-पिता के चेहरों पर खुशी, संतोष और गर्व एक साथ दिखाई दिया। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए हृदयस्पर्शी रहा। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और भारतीय संस्कारों की सुंदर अभिव्यक्ति बनकर सभी के मन में एक मधुर स्मृति के रूप में बस गया। इस अवसर पर परम पूज्य संत श्री दादू महाराज जी, प.पू. अण्णा जी महाराज, प.पू. श्री पवनानंद जी महाराज, प.पू. श्री नाना जी महाराज, प.पू. श्री जीतू गुरु जी, प.पू. श्री विवेक बरवै गुरु जी तथा प.पू. श्री विनीत गुरु जी उपस्थित रहे। साथ ही कैबिनेट मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण मुरारी मोघे, श्री गोपीकृष्ण नेमा, श्री मुन्ना लाल यादव, श्री जीतू यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विधानसभा क्रमांक-3 के क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान और मनरेगा के कार्यों में लापरवाही को लेकर जिला पंचायत सीईओ सख्त

सुश्री कौर ने विजयराघवगढ़ के उपयंत्री श्री रैदास को शासकीय कार्यों से पृथक कर सेक्टर का प्रभार अन्य को सौंपा, पारिश्रमिक आधा कर जनपद कटनी में किया अटैच

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 एवं मनरेगा के कार्यों में रुचि नहीं लेने और लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्त कार्यवाही करते हुए जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में कार्यरत उपयंत्री श्री पंचम लाल रैदास को शासकीय कार्यों से विरत करते हुए जनपद पंचायत कटनी में संलग्न किया है। यही नहीं बल्कि जिला पंचायत सीईओ ने श्री रैदास के निर्धारित मासिक पारिश्रमिक का 50% पारिश्रमिक भुगतान करने के आदेश दिए हैं। सुश्री कौर ने उपयंत्री श्री रैदास के कार्यक्षेत्र (सेक्टर) गैरतलाई का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में पदस्थ अन्य उपयंत्री श्री के.एल.पटेल को मूल सेक्टर के साथ सौंपा है।

**मामला इस प्रकार है**

जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार उपयंत्री श्री रैदास द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप लेबर बजट, श्रमिक नियोजन,आधार ई केवाईसी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के कार्यों को पूर्ण कराने में कोई रुचि नहीं लिए जाने का उल्लेख




है। उपयंत्री श्री रैदास द्वारा दो कारण बताओ सूचना पत्रों का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना, लापरवाही एवं स्वेच्छाचरिता पाए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी संविदा अधिकारियों कर्मचारियों की नवीन सेवा शर्त (अनुशासन एवं नियंत्रण) में निहित प्रावधानों के अनुसार तत्परता पूर्वक कड़ी कार्रवाई की। सुश्री कौर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के कार्यपालन यंत्री को निर्धारित समयावधि में विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

# जनगणना अभियान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका जरूरी :- प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी सुश्री परिहार

## नागरिकों से ऑनलाइन पोर्टल पर सेल्फ एन्यूमरेशन का आग्रह , 30 अप्रैल तक चलेगा सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम सुश्री तपस्या परिहार आई.ए.एस ने नगर वासियों से देशभर में चलाए जा रहे जनगणना अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया है। निगमायुक्त ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है और इसे प्राथमिकता देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना अभियान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है ताकि सटीक एवं अपडेट आंकड़े प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जनगणना 2027 के प्रथम चरण - मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए नगर में सेल्फ एन्यूमरेशन अर्थात स्व-गणना का कार्य किया जाएगा। इस अवधि के दौरान नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टलhttps://se.census.gov.in पर दर्ज कर प्रस्तुत कर सकते है। निगमायुक्त ने कहा कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का सही एवं समय पर विवरण दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। आपने जनगणना कार्य में संलग्न निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर जन जागरूकता बढ़ाएं और अधिक से अधिक लोगों को सेल्फ एन्यूमरेशन के लिए प्रेरित करें, ताकि यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

ऑनलाइन पोर्टल पर सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया



निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि सेल्फ-एन्यूमरेशन फ्लो चार्ट के माध्यम से नागरिक आसानी जनगणना 2027 में डिजिटल मोड में अपना व परिवार का विवरण भर सकते है। इसके लिए उन्हें सबसे पहले सरकारी पोर्टल, ऐपhttps://se.census.gov.in पर जाकर लॉग इन करना होगा तथा अपना राज्य,केंद्र शासित प्रदेश व कैप्चा एंटर करना होगा। इसके बाद अपने घर का पंजीकरण करने के लिए आवश्यक डेटा भरना होगा, जिसमें घर के मालिक का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी (ऐच्छिक)। घर के मालिक का नाम दोबारा बदला नहीं जा सकेगा तथा एक मोबाइल नंबर के साथ एक घर ही पंजीकृत हो सकेगा। एक बार एक घर के साथ मोबाइल नंबर पंजीकृत होने के बाद वह मोबाइल नंबर दूसरे घर के लिए प्रयोग नहीं हो सकेगा।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक



## जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल

# दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिले में चलेगा सुगम्य इंदौर अभियान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

आदित्य शर्मा

इंदौर जिले में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में चलेगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में "सुगम्य इंदौर अभियान" को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह अभियान दिव्यांगजनों के लिए शहर को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टधर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को चरणबद्ध तरीके से प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। बताया गया कि पहले चरण में जिले के सभी सार्वजनिक भवनों का सर्वे कर वहां दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में चिन्हित कमियों को दूर करते



हुए भवनों में रैंप, रेलिंग, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि दिव्यांगजनों को कहीं भी आवागमन में बाधा न हो। बताया गया कि अभियान के क्रियान्वयन के लिए एक विशेष पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से सर्वे और कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि "सुगम्य इंदौर अभियान" केवल औपचारिक पहल न होकर जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम देने वाला अभियान बने। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विभाग इस दिशा में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि इंदौर को एक समावेशी और दिव्यांग-अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में निर्माणाधीन ओवरब्रिज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और दैनिक कार्य योजना बनाकर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में अभियान चलाकर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निराकरण केवल औपचारिक न हो, बल्कि सकारात्मक एवं गुणात्मक हो। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यातायात सुधार और फायर सेफ्टी के लिए चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन अभियानों को नियमित रूप से संचालित रखा जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्ट्र श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार कार्य योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बने।

## संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक का शुभारंभ

आदित्य शर्मा

इंदौर- महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं शासकीय महाराजा यशवंतराव अस्पताल इंदौर के ईएनटी विभाग में कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक का शुभारंभ गत दिवस किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागायुक्त डॉ. सुदाम



खाड़े थे। कार्यक्रम में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन क्लिनिक अपनी तरह की पहली अत्याधुनिक सुविधा है, जहां श्रवणबाधित बच्चों को कोक्लियर इंप्लांट के उपरांत समग्र पुनर्वास सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस मौके पर महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, एमवाय अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, वरिष्ठ कोक्लियर इंप्लांट सर्जन डॉ. एस.पी. दुबे, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. आर.के. मूदड़ा तथा नोडल अधिकारी डॉ. जफर पठान उपस्थित थे।

ईएनटी की विभागाध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कोक्लियर इंप्लांट रिहैबिलिटेशन से संबंधित मरीजों की जानकारी पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर टेलीथेरेपी सेवा की भी शुरुआत की गई। इस सुविधा के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को भी घर बैठे स्पीच थेरेपी और रिहैबिलिटेशन सेवाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में डॉ. जगराम वर्मा, डॉ. शेनल कोठारी, डॉ. योगिता दीक्षित एवं डॉ. अंशुल शर्मा की भागीदारी रही।

विशेषज्ञों ने बताया कि कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद मरीजों के बेहतर परिणाम के लिए रिहैबिलिटेशन और स्पीच थेरेपी अत्यंत आवश्यक होती है। नए क्लिनिक के माध्यम से मरीजों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके सुनने और बोलने की क्षमता में प्रभावी सुधार संभव हो सकेगा। इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएं समाज के कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित होंगी और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## जिलाबदर कुख्यात तस्कर के घर पर आबकारी का बड़ा एक्शन, बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त



आदित्य शर्मा

इंदौर जिले में मदिरा के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा परिवहन करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिलाबदर कुख्यात तस्कर के घर पर छापा डालकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई।

यह कार्रवाई सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं फ्लाइंग स्क्वॉड प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी द्वारा वृत्त सांवेर अंतर्गत ग्राम बड़ोदिया खान में की गई। आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर महेश उर्फ एन.डी. के निवास से अवैध मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 62 पेटी देशी मदिरा (558 बल्क लीटर), 35 पेटी विदेशी मदिरा स्प्रिट (315 बल्क लीटर) तथा 4 पेटी विदेशी मदिरा बीयर (48 लीटर) जप्त की गई। इस प्रकार कुल 101 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा, कुल 921 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। उक्त आरोपी पूर्व में जिलाबदर भी रह चुका है, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग की टीम, जिसमें एडीईओ श्री धर्मेंद्र जोशी, श्री जहांगीर खान तथा उप निरीक्षक श्री त्रियांबिका शर्मा, श्री आशीष जैन एवं श्री बी.डी. अहिरवार का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )